नोएडा में वेस्टलैंड टू वेटलैंड परियोजना

चर्चा में क्यों?

हाल ही में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी आई.पी. सिंह ने बताया कि नोएडा में **वेस्टलैंड टू वेटलैंड परियोजना** की तर्ज़ पर सेक्टर 54 के डंपिंग ग्राउंड को समुद्री बीच के रूप में विकसित करने का कार्य फरवरी 2022 के अंत तक पूरा किया जा सकता है।

प्रमुख बिंदु

- इस **परियोजना का क्रियान्वयन नोएडा प्राधिकरण द्वारा** किया जा रहा है।
- **25 एकड़** में बनने वाले इस वेटलैंड में घूमने के लिये **पार्क के साथ कई अन्य मनोरंजन के साधन** उपलब्ध होंगे, जैसे- साइकलिंग के लिये एलिवेटेड ट्रैक, व्यू पॉइंट आदि।
- आर्द्रभूमि को जल की उपलब्धता वर्षा जल के साथ आस-पास के सीवेज उपचार संयंत्र से प्राप्त उपचारित पानी से सुनिश्चित की जाएगी।
- गौरतलब है कि एनजीटी द्वारा वर्ष 2019 में नोएडा सेक्टर 54 ग्रीन बेल्ट में कचरा डंप करने को रोकने के निर्देश दिये जाने के बाद ही नोएडा प्राधिकरण द्वारा 'बंजर भूमि' को आर्द्रभूमि में बदलने का निर्णय लिया गया था।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/wasteland-to-wetland-project-in-noida